महत्वपूर्ण एवं खास

6 स्थायी वारंट तामिल

रायगढ़। 12 अक्टूबर को थाना खरसिया द्वारा छुस्ष्ट खरसिया न्यायालय से जारी स्थायी वारंट (1) गुरूवारी बाई पति सुखराम खड़िया निवासी रानीसागर खरसिया (2) प्रकाश साहू पिता बोल साहू उम्र 25 वर्ष निवासी परसकोल खरसिया को न्यायालय पेश कर स्थायी वारंट की तामिली की गई।

थाना कोतवाली द्वारा दो स्थायी वारंटी (1) अफजल खान पिता अब्दुल बक्स उम्र 19 वर्ष निवासी इंदिरानगर रायगढ़ (2) सूर्यकांत साहू पिता अशोक साहू निवासी बनोरा थाना चक्रधरनगर को न्यायालय पेश कर वारंट की तामिली की गई।

थाना सारंगढ़ द्वारा स्थायी वारंटी गिरधारी पटेल पिता कल्याण पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी रामटेक चौकी कनकबीरा को न्यायालय पेश कर वारंट की तामिली की गई।

पुलिस चौकी जूटमिल द्वारा जुआ एक्ट के स्थायी वारंटी विनोद सोनी पिता जगदीश सोनी निवासी प्रेमनगर चक्रधरनगर को जारी स्थायी वारंट के परिपालन में वारंटी की पतासाजी कर आज दिनांक को न्यायालय पेश कर वारंट की तामिली की गई है।

कबाड से लदा वाहन पकड़ाया, दो आरोपियों सहित 10 टन कबाड़ जब्त

रायगढ़। रायगढ़ पुलिस टीम ने बीती रात कबाड की अवैध तस्करी करते हुए एक वाहन को पकड़ा जिसमें करीब 10 टन कबाड़ अवैध तरीके से खपाने की फिराक में आरोपी ओड़ीसा से रायगढ़ पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक दीपक झा को मिली सूचना के बाद उनके निर्देश पर पूंजीपथरा थाने टीम के साथ-साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने वाहन को पूंजीपथरा के पास पकड़ा। जांच के दौरान वाहन के भीतर कई वाहनों के अलग-अलग पार्टस के रूप खपाने की तैयारी की जा रही थी।

बलिकाओं को उच्च शिक्षित होना आवश्यक - सुशील रामदास

स्वागत से भाव विभोर हुए सुशील ने कहां सरसिवां का दिल है बहुत बड़ा

रायगढ़। रोटरी क्लब स्टील सिटी रायगढ़ के पूर्व अध्यक्ष तथा रामदास द्रौपदी फॉउन्डेशन के संस्थापक सदस्य सुशील रामदास के मुख्य आतिथ्य में सरसिवां का भव्यतम अग्रसेन जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा सरसिवां के अध्यक्ष केदारनाथ अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तारा चंद अग्रवाल रहे। सरसिवां नगर में महराजा अग्रसेन जी की विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें अतिथियों सहित नगर के हजारों गणमान्य जन शामिल हुए।

जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता

रायगढ़। जिला सचिव अकरम खान ने बताया कि छ.ग. राज्य के वार्षिक खेल कलेडंर के अनुसार जूनियर राज्य स्तरीय बालक-बालिकाओं के बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 29 अक्टुबर से रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा किया जाना सुनिश्चित है। उस उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का ट्रायल 14 अक्टुबर रविवार को चक्रधर क्लब में प्रातः 10.00 बजे से ट्रायल का बैडमिंटन प्रतियोगिता है। खिलाड़ीगण छ.ग. बैडमिंटन संघ के प्लेयर आईडी के साथ अपनी प्रविष्टी सचिव के वाट्सअप नं. पर शनिवार शाम 05.00 बजे तक भेज सकते हैं। कटअप आयु 15 वर्ष के लिए 2004 एवं 17 वर्ष के लिए जनवरी 2002 है।

सत्तीगुडी चौक में चला वाहनों का चेकिंग अभियान

रायगढ़। विधानसभा चुनाव को देखते हुए ,जिला प्रशासन मुस्तैदी से वाहनों की चेकिंग चालू कर दी है इसी के तहत आज रायगढ़ के सत्ती गुड़ी चौक में तहसीलदार और पुलिस के कर्मचारी फोर व्हीलर वाहनों की सघन तलाशी ली।

महाराष्ट्र बीजेपी के प्रवक्ता ने पीएम मोदी को बताया भगवान विष्णु का 11वां अवतार

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के एक बीजेपी प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान विष्णु का 11वां अवतार बताया है। इसके बाद वह सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हुए। वहीं कांग्रेस ने इसे देवताओं का अपमान करार दिया। प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता अवधूत वाघ ने शुक्रवार को एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने कहा, 'सम्मानीय प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी भगवान विष्णु का ग्यारहवां अवतार हैं। यदा यदा हि धर्मस्य।'

उन्होंने कहा, यह देश का सौभाग्य है कि हमें मोदी में भगवान जैसा नेता मिला है। अवधूत पर हमला करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंधे ने कहा कि यह देवताओं का अपमान है। उन्होंने कहा, यह (वाघ द्वारा) खोई हुई राजनीतिक जमीन हासिल करने की कोशिश भी है। मुझे नहीं लगता कि इस टिप्पणी को ज्यादा महत्व देने की जरूरत है।

अतुल लोंधे ने कहा कि यह टिप्पणी सत्तारुढ़ बीजेपी के अंदर संस्कृति के निम्नस्तर की झलक है। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा, वाघ वीजेटीआई से इंजीनियरिंग से ग्रैजुएट हैं। अब इस बात की जांच करने की जरूरत है कि उनका (डिग्री) सर्टिफिकेट असली है या नहीं। ऐसी उनसे आशा नहीं थी।

बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब पीएम मोदी की तुलना भगवान या देवता से की गई हो। इससे पहले इसी साल मई बीजेपी के विवादित विधायक सुरेंद्र सिंह ने पीएम को भगवान राम का अवतार बताया था। साथ ही यह भी कहा था कि पार्टी अध्यक्ष अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर वह रामराज्य का सपना पूरा करेंगे।

रायगढ़ की बेटी सोनल सावधान इंडिया में आएगी नजर

रायगढ़. शहर के कोतरा रोड़ में रहने वाली युवती सोनल अग्रवाल आगामी दिनों में नेशनल चैनल में आयोजित

सावधान इंडिया में प्रमुख किरदार निभाने जा रही है। सोनल को टीवी स्क्रीन में देखने उनके परिवारजनों के साथ-साथ उनके ईष्ट मित्रों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

टीवी सीरियल सावधान इंडिया में सोनल अग्रवाल दो किरदार में दिखेगी, सोनल ने एक जगह पुलिस कांस्टेबल का रोल किया है वहीं दूसरे रोल में एक खूबसूरत लड़की किरदार निभा रही है। वैसे तो संस्कारधानी की नगरी रायगढ़ जिले के उभरते हुए सितारे अलग-अलग क्षेत्रों में अपने हुनर का लोहा मनवाते हुए सदैव रायगढ़ जिले को गोरान्वित करते आए हैं। वहीं अब आने वाले दिनों में टीवी सीनियर सावधान इंडिया में सोनल नजर आने वाली है। जिससे उनके परिवार एवं मित्रों में खुशी का ठिकाना देखते ही बन रहा है।

91 की उम्र में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार अन्नपूर्णा देवी का निधन

मुंबई(आरएनएस)। प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार अन्नपूर्णा देवी का शनिवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया. वह

91 साल की थी. ब्रीच कैंडी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 3.51 मिनट पर अन्नपूर्णा देवी का निधन हुआ. वह पद्म भूषण से सम्मानित थी और अधिक उम्र की वजह से विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहीं थी. अन्नपूर्णा देवी सुरबहार वादक थीं और अलाउद्दीन खान की बेटी एवं शिष्य थीं. अलाउद्दीन खान के प्रसिद्ध शिष्यों आशीष खान (सरोद), अमित भट्टाचार्य (सरोद), बहादुर खान (सरोद), बसंत काबरा (सरोद) और हरिप्रसाद चौरसिया (बांसुरी) में अन्नपूर्णा देवी का भी नाम शामिल होता है.

नन्ही बालिका प्रीति ने लगवाया मीजल्स एवं रूबैला का टीका

रायगढ़। मीजल्स एवं रूबैला टीकाकरण अभियान के तहत नन्ही बालिका प्रीति मेहर ने हिम्मत के साथ टीका लगवाया।

नवरात्र पर बुढ़ी मांई मंदिर पहुंचे विभाष

रायगढ़. शारदेय नवरात्र में मां दुर्गा के नव रूपों की पूजा रायगढ़ जिले में धुमधाम से मनाई जाती है, पूरा का पूरा शहर दिन व रात में मां की भक्ति में लीन रहता है। जहां देवी मंदिरों में श्रद्धा के दीप जलाए जा रहे हैं, साथ ही साथ मां के चरणों में श्रद्धालु भक्तगण शीष झुका कर अपने तथा अपने परिवार की खुशहाली की दुआ मांग रहे है।

मानव तस्करों के चुंगल से भागे युवक को तेजाब से जलाया पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

रायगढ़। मानव तस्करी करने वालों के चुगंल से भागने वाले युवक को तेजाब डाल कर जला दिया गया जिससे उसका हाथ व कंधा बुरी तरह झुलस गया हैं लैलूँगा अस्पताल में अब इलाज कराया जा रहा हैं पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं और जांच की जा रही हैं यह घटना लैलूंगा के नवीन कुंजारा गांव के युवक अजय बंजारा के साथ हुयी मानव तस्करों संजय यादव व इन्जोर राठिया काम कराने के बहाने उसे आंध्रप्रदेश से लगे तमिलनाडु के किसी अज्ञात स्थान पर ले गए। जबकि उन्होंने पीड़ितों के घर वालो को पूंजीपथरा ले जाने की बात कही थी। गांव से जाने के बाद पीड़ित ने महीने भर बाद घर वालों को सिर्फ एक फोन किया और घर वालो को प्रताड़ित किये जाने की बात बताई। जिस पर घर वाले अजय बंजारा के बताए स्थान पर पहुंचे जहां उसका दाहिना हाँथ कटा पाया साथ ही शरीर मे कई जगह जलने और मारपीट के निशान भी मिले। वर्तमान में घरवाले पीड़ित को लेकर लैलूंगा आ गए तथा सरकारी अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया है। अजय बंजारा ने बताया कि 6 माह पूर्व बोरिंग गाड़ी में अपने एक अन्य साथी के साथ काम करने तमिलनाडु गया था वही पैसा मांगने पर मालिक ने मारपीट की जिस पर वह मौका देकर फरार हो गया इसके बाद से मालिक में आदमी लगातार उसका पीछा करने लगे लगभग 20 किलोमीटर पैदल चलने के बाद थका हारा वह किसी अनजान रेलवे स्टेशन के माल गाड़ी में घर जाने के लिए चढ़ गया तभी 5-7 लोगों ने उसे पकड़कर मारपीट की और उसके हाथ और कंधे को तेजाब से जला दिया और मरा समझकर उसे मालगाड़ी में फेंक दिए मालगाड़ी कटक जाकर रुकी जहां किसी ने उसे रेलवे ट्रेक में फेंक दिया उसके बाद कटक में रेलवे पुलिस ने उसे देखकर तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया और एड्रेस पूछ कर व्हाट्सएप के माध्यम से अजय बंजारा के पिता को सूचना दी तब जाकर अजय के पिता ने उसे वापस ले कर आये ।

स्टेट बैंक की हद हो गयी लोन के कागजात

गुमा दिये कलेक्टर से की गयी शिकायत

रायगढ़ा। सारंगढ़ कि बैकिंग व्यवस्था की पोल खोलने वाला मामला प्रकाश में आया है। भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा सारंगढ़ में शिवम कम्प्यूटर सर्विस द्वारा दिया सीसी लिमिट लोन के लिये कागजात को बैंक प्रबंधन द्वारा गुमा दिया गया। लगभग तीन माह तक उपभोक्ता को लोन स्वीकृति के लिये पेशी देने के बाद बैंक प्रबंधक के उक्त जवाब से उपभोक्ता हैरत में है।

वही द्वितीय प्रति कागजात भी उपलब्ध कराने के बाद बैंक प्रबंधक सीसी लिमिट प्रदान करने में हाथ खड़े कर दिये। उपभोक्ता के द्वारा कागजातो की मांग करने तथा कारण पूछने पर बैंक कुछ भी बताने से इंकार कर रहा है। उपभोक्ता की सेवा में साफ-साफ कमी का यह मामला सारंगढ़ के भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा का है। जिससे साफ ज्ञात हो रहा है कि बैंक उन्ही मामलो मे रूचि लेता है जिसमे उसको चढ़ावा मिलता है।

बहराहाल पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर रायगढ़ से की गयी है वही बैंकिंग लोकपाल मे भी मामला को ले जाया जा रहा है।

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
Topper Students Last Session
Tanu 96% Yamini 96%
Shashika 95% Priyanshi 96%
Pranay 94% Himanshi 95%
Abdulla 95% Gunjali 95%
Chetan 94% Arpita 95%
Arpita 96% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 95% Prachi 97%
Tulika 96% Puri 96%
Anuhya 97% Anusuya 99%
Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes....
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHN16931